संसद सदस्यों ने लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 28 जनवरी, 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला तथा पूर्व उप प्रधान मंत्री श्री एल.के. आडवाणी ने आज लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कई संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों तथा लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भी लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि दी।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की पहल पर, लाला लाजपत राय द्वारा लिखी गई और उनसे संबंधित संसद ग्रंथालय में उपलब्ध पुस्तकों की प्रदर्शनी संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में लगाई गई।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित लाला लाजपत राय के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

लाला लाजपत राय के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 17 नवम्बर, 1956 को किया था।